कलाकृति

वर्ष 2017

संपादक मंडल

संरक्षक

विनोद कुमार

सचिव

मुख्य संपादक

इन्दु रावत, प्रशासनिक प्रभारी,

वरिष्ठ आशुलिपिक

उपसंपादक

कल्पना देवानी,

हिन्दी अनुवादक

सहयोग

राजीव कुमार गौड़,

सहायक सचिव, तकनीकी

पारूल कपूर, शिल्पी मदनावत, कोमल गुप्ता

कंसल्टेन्ट्स

सम्पादकीय पता

दिल्ली नगर कला आयोग

यू.जी. तथा प्रथम तल, भारत पर्यावास केंद्र

लोधी रोड, नई दिल्ली

विषय सूची

	पृष्ठ सं.
1. सरस्वती वंदना	14
2. हिंदी लिखते समय कृपया ध्यान दें	15
3. हम इतना तो कर सकते हैं	15
4. राजभाषा नियम, 1976 – प्रमुख नियम	16
5. स्वच्छ भारत अभियान	21
6. महिलाओं की सुरक्षा के संदर्भ मे शौचालयों की उपयोगिता	22
7. आधुनिक जीवन शैली और मानसिक समस्याएं	26
8. सम–विषम	28
9. डिमोनिटाइज़ेशन का भूत	29
10. स्वच्छ भारत अभियान	30
11. हंसो हंसाओ	31
12. उच्च तकनीक शौचालय	33
13. दिल्ली में जलाशयों तथा हरित क्षेत्रों का पुनःजीवन–हरिनगर अध्ययन	40
14. जौन्ती गांव	46
15. कचरा प्रबंधन, सी.आर. पार्क, दिल्ली	51
16. संयुक्त हिंदी सलाहकार समिति की बैठकें तथा संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण	57
17. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दिल्ली की पत्रिका मंदाकिनी में प्रकाशित कविता तथा लेख	56
18. सद्भावना	59
19. शायद यही है ज़िंदगी	60
20. यही जीवन है	61
21. ज़िद	62
22. चित्र, दिल्ली नगर कला आयोग	63
23. सरकार की राजभाषा नीति	64

संदेश

दिल्ली नगर कला आयोग को "कलाकृति" पत्रिका के प्रकाशन के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

हिंदी विश्व की एक प्राचीन समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ ही हमारी राजभाषा भी है। चीनी भाषा के बाद हिंदी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली विश्व की दूसरी सबसे बड़ी भाषा है कम्प्यूटर के इस युग में हिंदी भाषा भी पीछे नहीं है। हिंदी आम जन की भाषा है और सभी कल्याणकारी योजनाएं तभी प्रभावी बन सकेंगी जब उनकी जानकारी आम जन की भाषा में उन तक पहुंचेगी।

मैं आशा करता हूं कि अधिक सरल और जनोपयोगी भाषा के रूप में सभी अधिक से अधिक सरकारी कार्य हिंदी में करने के लिए प्रेरित होंगे।

(हरदीप सिंह पुरी)
माननीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(स्वतंत्र प्रभार)

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के दिल्ली नगर कला आयोग द्वारा "कलाकृति" पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है।

पत्रिका में आयोग के विभिन्न पदाधिकारियों की भिन्न–भिन्न विषयों पर रचनाएं प्रकाशित की गई हैं। इसके दायरे को और बढ़ाया जा सकता है। राजभाषा विभाग समय–समय पर शासकीय प्रभाग में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने हेतु अनेक कदम उठाता रहता है। पत्रिका का प्रकाशन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। पत्रिका में समसामयिक, लोकोपयोगी एवं रूचिकर विषयों का समावेश हो तो पाठकों को पत्रिका पढ़ने में सहानुभूति होगी।

(दुर्गा शंकर मिश्र), सचिव
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

संदेश

भारत की सभ्यता और भाषायी संस्कृति की जड़ें गहरी हैं और ये विविध संस्कृतियों के सम्मिश्रण से गुज़र कर सदियों से विकसित हुई हैं भाषायी विविधता एवं बहुआयामी संस्कृति के बावजूद राजभाषा हिंदी ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज तक पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोकर अनेकता में एकता की धारणा को पुष्ट किया है। हिंदी हमारे देश की राष्ट्रीय एकता और अस्मिता का सबसे शक्तिशाली एंव प्रभावी माध्यम है।

हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में अपनाने के संवैधानिक उद्देश्यों को पूरा किया जाना सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है कि विभिन्न सरकारी कार्यालयों में हिंदी में टिप्पण तथा पत्राचार को पर्याप्त रूप से प्रोत्साहित किया जाए। वास्तविकता में हिंदी में काम करने के लिए यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण होगा कि भाषा को सरल एवं सहज रुप में लिखा जाए ताकि हिंदी जानने वाले तथा हिंदी न जानने वाले कर्मचारियों द्वारा यह आसानी से समझी जा सके तथा अपनाई जा सके।

मुझे आशा है कि यह पत्रिका पाठकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी और कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में जहां एक ओर लेखन प्रतिभा बढ़ा कर उनके विचारों को मुखरित करेगी, वहीं दूसरी ओर उनमें अधिकाधिक सरकारी कार्य हिंदी में करने की प्रवृति भी विकसित करेगी।

(धर्मेन्द्र)
संयुक्त सचिव (प्रशासन)
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

संदेश

आज हिंदी राजभाषा, राष्ट्रभाषा, सम्पर्क भाषा से आगे बढ़कर विश्वभाषा बनने की तैयारी कर रही है। राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रचार–प्रसार और उसमें सृजनात्मक अभिव्यक्ति के लिए पत्रिका एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इस पत्रिका में विभिन्न विषयों पर ज्ञानवर्धक लेख, कविताएं तथा अन्य रचनाएं गागर में सागर हैं। सभी रचनाकार बधाई के पात्र हैं तथा सभी को मेरा यही संदेश है कि वे इस कार्य को जारी रखें।

मुझे आशा ही नहीं वरन पूर्ण विश्वास है कि यह पत्रिका पाठकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी और कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में जहां एक ओर लेखन प्रतिभा बढ़ा कर उनके विचारों को मुखरित करेगी, वहीं दूसरी ओर उनमें अधिकाधिक सरकारी कार्य हिंदी में करने की प्रवृति भी विकसित करेगी।

(आर.के. द्विवेदी)
पूर्व निदेशक (रा.भा.)
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

संदेश

भारत के संविधान में देवनागरी में लिखित हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया गया है अतः अपना सरकारी कामकाज हिन्दी में करना एवं हिन्दी का प्रचार–प्रसार करना हमारा संवैधानिक दायित्व है। दिल्ली नगर कला आयोग एक तकनीकी कार्यालय है। इसके बावजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हिन्दी में अधिक से अधिक काम किया जाना उनके हिन्दी प्रेम और राष्ट्र प्रेम को दर्शाता है।

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई है कि दिल्ली नगर कला आयोग अपनी हिन्दी गृह पत्रिका "कलाकृति" प्रकाशित करने जा रहा है। मैं पत्रिका में लेख भेजने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देता हूँ कि उनके सहयोग के कारण ही आयोग की पत्रिका का सफल प्रकाशन संभव हो सका।

(डॉ. पी.एस.एन. राव)
अध्यक्ष
दिल्ली नगर कला आयोग

संदेश

हिन्दी अधिकांश भारतीयों द्वारा बोली और समझी जाने वाली भाषा है। हिन्दी भाषा आज राजभाषा, राष्ट्र भाषा एवं सम्पर्क भाषा तीनों दायित्वों का निर्वहन कर रही है। हिन्दी आज भी भारत की सांस्कृतिक विरासत को साझा करने वाली भाषा है। संवेदना के तारों को जोड़ने वाली भाषा है। प्यार बाँटने वाली भाषा है। दुख बंटाने वाली भाषा है। आत्मीयता की पुकार मचाने वाली भाषा है। राष्ट्रीय अस्मिता का भाव जगाने वाली भाषा है।

आयोग के रचनाकारों को पत्रिका के प्रकाशन के लिए बधाई व शुभकामनाएं।

सोनाली रस्तोगी

(सोनाली रस्तोगी)
सदस्य
दिल्ली नगर कला आयोग



संदेश

हिंदी पत्रिकाओं को छापने से अधिकारियों तथा कर्मचारियों में हिंदी लिखने के लिए उनका लगाव नजर आता है। गृह पत्रिकाएं जहां भाषा के विकास में अपना योगदान देती हैं, वहीं राजभाषा की बढ़ोत्तरी में भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मुझे यकीन है कि यह पत्रिका हिंदी के उपयोग में निश्चित रुप से सफल होगी।

आयोग का यह प्रयास यकीनन प्रशंसनीय है। पत्रिका से जुड़े सभी लोगों को मेरी ओर से शुभकामनाएं।

(सोनाली भगवती)
सदस्य
दिल्ली नगर कला आयोग

संदेश

भाषा एवं संस्कृति किसी भी समाज और राष्ट्र की धरोहर तथा पहचान होती है। हमें गर्व है कि हम ऐसे भारत देश के नागरिक हैं जिस देश में बहुत सारी भाषाएं तथा संस्कृतियां एक साथ है। हमारी एक सामाजिक संस्कृति है। सभी संस्कृतियां एक सूत्र में बंध कर भारतीय संस्कृति का निर्माण करती हैं। हमें सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान करते हुए यह भी प्रसन्नता के साथा स्वीकार करना चाहिए कि आज हमारे पूरे देश की भाषा के रूप में हिंदी का प्रचलन है।

हिन्दी ऐसी भाषा है जिसे पूरे देश में बहुत पहले से समझा, बोला, पढ़ा और लिखा जाता रहा है। राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी को कभी भी किसी ने किसी पर लादा नहीं है। हिन्दी हमारी राजभाषा ही नहीं अपितु राष्ट्रीय अस्मिता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक भी है।

'कलाकृति' के सफल प्रकाशन ने लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

समीर माथुर

(समीर माथुर)
सदस्य
दिल्ली नगर कला आयोग



संदेश

भारत एक बहुभाषी देश है। ऐसी मान्यता है कि भारत में हर 10 मील पर भाषा बदल जाती है। संघ की राजभाषा नीति के बेहतर कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने की दिशा में इन पत्रिकाओं के प्रकाशन से हमें दोहरा लाभ मिलता है। पत्रिकाएँ विभाग के नवोदित रचनाकारों के लिए उनकी रचनात्मक प्रतिभा को उजागर करने का एक सशक्त मंच तैयार करती हैं।

आज भारतवर्ष की राजभाषा होने के नाते हम सब का नैतिक और संवैधानिक दायित्व है कि हम सब अपना दैनिक सरकारी कार्य राजभाषा हिन्दी में निष्पादित करें। आशा है कि आयोग के इन सामूहिक प्रयासों से अधिकारी/कर्मचारी जागरूक होकर अपना अधिकाधिक कार्य हिन्दी में करेंगे।

कलाकृति पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए कार्यालय को मेरा साधुवाद।

(विनोद कुमार)
सचिव,
दिल्ली नगर कला आयोग

सरस्वती वंदना

हे शारदे मां, हे शारदे मां,
अज्ञानता से हमें तार दे मां।
तू स्वर की देवी ये संगीत तुझसे
हर स्वर तेरा हर गीत तेरा
हम हैं अकेले हम हैं अधूरे
एक तू ही है पूर्ण, हे शारदे मां।
हे शारदे मां, हे शारदे मां,
अज्ञानता से हमें तार दे मां।

मुनियों ने समझी मुनियों ने जानी
वेदों की भाषा वेदों की वाणी।
हम भी तो समझें, हम भी तो जानें
विद्या का हमको अधिकार दे मां।
हे शारदे मां, हे शारदे मां,
अज्ञानता से हमें तार दे मां।

तू श्वेतवर्णी कमल पर विराजे,
हाथों में वीणा मुकुट सिर पर साजे
मिटा दे तू हमारे अंधकार हे मां
उजालों का हमको संसार दे मां।

हिंदी लिखते समय कृपया ध्यान दें !

- पत्र लिखने में सरल हिंदी का प्रयोग करें ताकि उसे सभी आसानी से समझ सकें।
- पत्राचार में आम शब्दों का ही अधिक से अधिक प्रयोग होना चाहिए। हिंदी की बोलियों के प्रचलित शब्दों का प्रयोग करने मे हिचक नहीं होनी चाहिए।
- अच्छी हिंदी जानने वाले कभी–कभी उन लोगों की कठिनाई नहीं समझ पाते जिन्होंने हाल ही में थोड़ी बहुत हिंदी सीखी है। ऐसे लोगों को इनकी कठिनाई का पूरा ध्यान रखना चाहिए और अपने पांडित्य का प्रदर्शन नहीं करना चाहिए।
- हिंदी के वाक्यों में संस्कृत के कठिन शब्दों का अनावश्यक प्रयोग न करें तथा अंग्रेजी की वाक्य संरचना से बचें अर्थात वाक्य रचना हिंदी की प्रकृति के अनुसार ही होनी चाहिए। वह अंग्रेजी मूल का अटपटा अनुवाद नहीं होना चाहिए।
- जहाँ कहीं भी यह लगे कि पढ़ने वाले को हिंदी में लिखे किसी शब्द या पदनाम को समझने में कठिनाई हो सकती है, तब कोष्ठक में अंग्रेजी रूपान्तर भी लिख देना उपयोगी रहेगा।
- टिप्पणी एवं प्रारूपण में अंग्रेजी के प्रचलित शब्दों, जैसे–बैंक, चेक, गारंटी, पेंशन, पासबुक आदि को देवनागरी लिपि में लिप्यंतरित करके लिखना सभी के हित में होगा।
- शब्दों में एकरूपता बनाए रखने के लिए वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग अथवा अपने कार्यालय द्वारा बनाई गई प्रशासनिक शब्दावली का ही प्रयोग करें।
- हिंदी के कार्य करने की शुरूआत छोटी–छोटी टिप्पणियों को हिन्दी में लिखकर करनी चाहिए।
- अंग्रेजी में सोचकर हिंदी में नहीं लिखना चाहिए। कोशिश तो हिंदी में सोचकर हिंदी में लिखने की होनी चाहिए ।

हम इतना तो कर सकते हैं।

- हिंदी में हस्ताक्षर करें।
- हिंदी पत्रों का उत्तर हिंदी में दें।
- हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त करें।
- हिंदी भाषी राज्यों को भेजे जाने वाले लिफाफों पर पते हिंदी में लिखें।
- परिपत्र, प्रशासनिक रिपोर्ट, प्रेस विज्ञप्ति, करार, निविदा प्रपत्र, निविदा सूचना को अनिवार्य रूप से हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जारी करें।
- मुलाकाती कार्ड, रबर स्टाम्प, नाम पट्ट, डी ओ लैटर हैड दोनों भाषाओं (हिंदी और अंग्रेजी) में बनवाएं और उसका प्रयोग करें।
- विभाग कवर, स्टेशनरी आदि पर कार्यालय का नाम द्विभाषी में ही दें।
- हिंदी में हस्ताक्षरित अंग्रेजी के पत्रों का उत्तर भी हिंदी में ही दें।
- उपस्थिति विवरण, जन्मदिन, बधाई पत्र, फार्म भरना इत्यादि काम हिंदी में करें।
- हिंदी प्रतियोगिताओं में भाग लें।
- हिन्दी पुस्तकालय की पुस्तकों, समाचार पत्र व पत्रिकाओं का लाभ उठाएँ।
- हिन्दी कार्ड की सहायता से छोटी–छोटी टिप्पणियाँ लिखने का प्रयास करें।
- फाइलों के ऊपर विषय हिंदी–अंग्रेजी में लिखें।
- अपने साथियों को हिंदी में काम करने की प्रेरणा दें।

किसी को आगे बढ़ता देखकर केकड़े की तरह उसकी टांग
खिंचाई मत करो बल्कि मछली की तरह छलांग लगाओ और आगे बढ़ो

राजभाषा नियम, 1976 - प्रमुख नियम

नियम संख्या	नियम
5	हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में दिए जाएं।
6	धारा 3(3) में निर्दिष्ट सभी दस्तावेज द्विभाषी रूप में तैयार और जारी किए जाएं।
7	हिंदी में हस्ताक्षरित या हिंदी में प्राप्त आवेदन, अपील या अभ्यावेदन का उत्तर हिंदी में दिया जाए।
8(4)	अधिसूचित कार्यालयों में हिंदी में प्रवीणता प्राप्त कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने संबंधी आदेश जारी करना।
9	हिंदी में प्रवीणता प्राप्त।
10(1)	हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त ।
10(4)	जिन कार्यालयों के 80 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों को हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान है उनके नाम राजपत्र में अधिसूचित किए जाएंगे।
11	सभी मैनुअल व अन्य साहित्य हिंदी और अंग्रेजी दोनों में प्रकाशित किए जाएंगे। सभी नामपट्ट, सूचना पट्ट, पत्रशीर्ष आदि हिंदी और अंग्रेजी में लिखे जायेंगे/प्रदर्शित होंगे।
12	केन्द्र सरकार के प्रत्येक कार्यालय के प्रशासनिक प्रधान का उत्तरदायित्व है कि वह राजभाषा अधिनियम और नियमों तथा इनके तहत जारी आदेशों तथा निर्देशों का समुचित रूप से अनुपालन सुनिश्चित करे तथा इस प्रयोजन के लिए उपयुक्त तथा प्रभावकारी जाँच बिंदु बनाए।

हिंदी में ही अखिल भारतीय भाषा बनने की क्षमता है

– राजा राममोहन राय

हिंदी ही एक भाषा है जो भारत में सर्वत्र बोली और समझी जाती है

– डॉ. गियर्सन

स्वच्छ भारत अभियान

माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की नई दिल्ली, राजपथ पर शुरूआत करते हुए कहा था कि "एक स्वच्छ भारत के द्वारा ही देश 2019 में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर अपनी सर्वोत्तम श्रद्धांजलि दे सकता है"। 2 अक्टूबर, 2014 को स्वच्छ भारत मिशन देश भर में व्यापक तौर पर राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में शुरू किया गया था। इस अभियान के अंतर्गत 2 अक्टूबर 2019 तक "स्वच्छ भारत" की परिकल्पना को साकार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा चलाया गया सबसे महत्वपूर्ण स्वच्छता अभियान है। श्री नरेन्द्र मोदी ने इंडिया गेट पर स्वच्छता के लिए आयोजित एक प्रतिज्ञा समारोह की अगुआई की थी। जिसमें देश भर से आए हुए लगभग 50 लाख सरकारी कर्मचारियों ने भाग लिया। उन्होंने इस अवसर पर राजपथ पर एक पदयात्रा को भी झंडी दिखाई थी और न केवल सांकेतिक रूप से दो चार कदम चले बल्कि भाग लेने वालों के साथ काफी दूर तक चलकर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया।

स्वच्छता के जन अभियान की अगुआई करते हुए प्रधान मंत्री ने जनता को महात्मा गांधी के स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण वाले भारत के निर्माण के सपने को साकार करने के लिए प्रेरित किया। श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं मंदिर मार्ग पुलिस थाने में स्वच्छता अभियान को शुरू किया। धूल–मिट्टी को साफ़ करने के लिए झाड़ू उठाकर स्वच्छ भारत अभियान को पूरे राष्ट्र के लिए एक जन–आंदोलन का रूप दिया और कहा कि लोगों को न तो स्वयं गंदगी फैलानी चाहिए और न ही किसी और को फैलाने देना चाहिए। उन्होंने "न गंदगी करेंगे, न करने देंगे" का मंत्र भी दिया। श्री नरेन्द्र मोदी ने नौ लोगों को स्वच्छता अभियान में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया और उनमें से हर एक से यह अनुरोध किया वो अन्य नौ लोगों को इस पहल में शामिल होने के लिए प्रेरित करें।

लोगों को इस अभियान में शामिल होने का आह्वान करके स्वच्छता अभियान एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले चुका है। स्वच्छ भारत अभियान के संदेश ने लोगों के अंदर उत्तरदायित्व की एक अनुभूति जगा दी है। अब जबकि नागरिक पूरे देश में स्वच्छता के कामों में सक्रिय रूप से सम्मिलित हो रहे हैं, महात्मा गांधी द्वारा देखा गया 'स्वच्छ भारत' का सपना अब साकार होने लगा है।

प्रधान मंत्री ने अपनी बातों और अपने कामों से स्वच्छ भारत के संदेश को लोगों के माध्यम से पूरे भारत और पूरी दुनिया में फैला दिया है। उन्होंने वाराणसी में भी स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत गंगा नदी के निकट अस्सी घाट पर फावड़ा चलाया। बड़ी संख्या में उनके साथ शामिल होकर स्वच्छता अभियान में उनका सहयोग दिया। स्वच्छता के महत्व को समझते हुए प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इसके साथ ही साथ स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को हल करने की बात भी उठाई है। ये स्वास्थ्य समस्यायें लगभग आधे भारतीय परिवारों को घर में उचित शौचालय न होने के कारण झेलनी पड़ रही हैं।

समाज के विभिन्न वर्गों ने आगे आकर स्वच्छता के इस जन अभियान में हिस्सा लिया है और अपना योगदान दिया है। सरकारी कर्मचारियों से लेकर जवानों तक, बालीवुड के अभिनेताओं से लेकर खिलाड़ियों तक, उद्योगपतियों से लेकर अध्यात्मिक गुरुओं तक सभी ने इस महान काम के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई है। देश भर के लाखों लोग सरकारी विभागों द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता के इन कामों में आए दिन सम्मिलित होते रहे हैं, इस काम में एनजीओ और स्थानीय सामुदायिक केन्द्र भी शामिल हैं, नाटकों और संगीत के माध्यम से सफाई–सुथराई और स्वास्थ्य के गहरे संबंध के संदेश को लोगों तक पहुंचाने के लिए बड़े पैमाने पर पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाये जा रहे हैं।

प्रधान मंत्री ने जनता और विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा स्वच्छ भारत मिशन में हिस्सा लेने और एक स्वच्छ भारत के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए किए जाने वाले प्रयत्नों की सराहना की है। श्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया में जनता की भागीदारी की हमेशा मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। साथ ही साथ स्वच्छ भारत अभियान के एक हिस्से के तौर पर '#MyCleanIndia' अभियान भी शुरू किया गया है ताकि सफाई–सुथराई के लिए चलाए जा रहे इस अभियान में नागरिकों के योगदान को उजागर किया जा सके।

स्वच्छ भारत एक 'जन–आंदोलन' का रूप ले चुका है क्योंकि इसे जनता का अपार समर्थन मिला है। बड़ी संख्या में नागरिकों ने भी आगे आकर साफ–सुथरा भारत बनाने का प्रण किया है। स्वच्छ भारत अभियान के आरंभ के बाद गलियों की सफाई के लिए झाड़ू उठाना, कूड़े–करकट की सफाई, स्वच्छता पर ध्यान केन्द्रित करना और अपने चारों ओर स्वास्थ्यवर्धक वातावरण बनाना अब जनता की प्रकृति बन गई है। जनता 'स्वच्छता ईश्वरत्व के निकट है' के संदेश को फैलाने में मदद दे रही है और इस काम में शामिल हो रही है।

वर्ष 2015–16 प्रोत्साहन माह निबंध प्रतियोगिता के दौरान
आयोग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा लिखे गए निबंध

स्वच्छ भारत अभियान

राजीव कुमार गौड़
सहायक सचिव (त०)

Cleanliness is next to Godliness अर्थात 'स्वच्छता भक्ति से भी बढ़कर है' बापू के इन वचनों को सार्थक करने हेतु हमारे प्रधानमंत्री जी श्री दामोदर मोदी जी ने इस अभियान, जिसे स्वच्छ भारत अभियान का नाम दिया गया, की शुरूआत दिनांक 2 अक्तूबर 2014 को दिल्ली के एक बाल्मीकी मंदिर से की जो गोल मार्किट में स्थित है। प्रधानमंत्री जी ने अपने हाथों में झाड़ू लेकर इसके प्रांगण को साफ किया तथा मार्ग में पड़ने वाले दिल्ली पुलिस के थाना मंदिर मार्ग के प्रागंण को भी साफ किया। उनका उद्देश्य देश की 125 करोड़ जनता को यह मार्ग दिखाना था कि अपने और अपने आस–पास की जगह को साफ रखना हमारा दायित्व है। इस अभियान को देश के कोने–कोने में पहुंचाना उनका मकसद था ताकि हम भारतवासी यह दायित्व महसूस कर सकें कि हम अपने और आस–पास के वातावरण को साफ रखना है ताकि हमारे देश की आने वाली पीढ़ी अपने इस दायित्व का निर्वाह पूर्ण रूप से कर सके।

देश के मंत्रियों से लेकर आम जनता ने इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी सरकारी तथा गैर–सरकारी लोगों ने 2 अक्तूबर के दिन अपने–अपने आफिसों एंवम् कार्यालयों में उपस्थिति देकर एंवम् अपने–अपने कार्यालयों को साफ रखकर इस अभियान को सफल बनाया और दूसरे लोगों के लिए भी एक मिसाल कायम की।

दि.न.क.आ. के अफसरों एंवम् कर्मचारियों ने भी इसमें बहुत बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा अपने कार्यालय को साफ किया। दि.न.क.आ. भी इस अभियान का हिस्सा बनने जा रहा है।

दि.न.क.आ. की शहरी स्तरीय परियोजना की शाखा ने स्मार्ट पब्लिक शौचालयों का डिजाइन तैयार कर शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार के समक्ष प्रस्तुत किए हैं। इन शौचालयों के डिजाइन की यह खास बात है कि यह अपने आप में दूसरे स्थानीय निकायों द्वारा तैयार किए गए शौचालयों के डिजाइनों से हर तरह से भिन्न हैं। इन्हें कारखानों में तैयार किया जा सकता हैं तथा इन्हें एक–दो दिन की तैयारी के साथ अपने गंतव्य स्थानों पर स्थापित किया जा सकता है।

शहरी विकास मंत्रालय ने इन सब डिजाइनों को दिल्ली के सभी स्थानीय निकायों को भेज दिया है ताकि इनकी स्थापना उनके कार्यक्षेत्र वाली जगहों पर की जा सके।

हमारे देश में जगह–जगह पर, बाजारों में, पार्कों में, बस–अड्डों, रेलवे स्टेशनों तथा अन्य ऐसी जगहों पर जहां लोगों का आवागमन बहुत है शौचालयों की बहुत जरूरत हैं। यह दि.न.क.आ. के लिए तथा स्वच्छ, भारत अभियान के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

इस स्वच्छता अभियान का मकसद लोगों को अपने आस–पास की जगहों एवं अपने शहर व देश के लिए एक दायित्व देना है तथा देश के सभी 125 करोड़ देशवासियों को एक मकसद देना हैं ताकि वह अपने इस कर्तव्य का निर्वाह पूर्ण रूप से कर सकें।

अंत मे यही कहना चाहता हूँ कि अगर हम सभी देशवासी प्रधानमंत्री जी के इस स्वच्छ भारत अभियान में बढ़चढ़ हिस्सा लेकर इसे सफल बनाते हैं तथा और दूसरे लोगों को इसमें शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करते हैं तो यह बापू की 150 वीं जन्मतिथि जो कि 2 अक्तूबर 2019 को है, हम सभी देशवासियों की तरफ से उन्हें सच्ची श्रद्धाजंलि होगी।

हिंदी की प्रगति से ही देश की सभी भाषाओं की प्रगति होगी

महिलाओं की सुरक्षा के संदर्भ में शौचालयों की उपयोगिता

निशि सचदेवा
वास्तुक सहायक

भारत को आज़ाद हुए आज 67 वर्ष से अधिक समय हो चुका है और आज भी हम इस विषय पर बात करते हैं कि महिलाओं की सुरक्षा के संदर्भ में शौचालयों की उपयोगिता क्या है जिससे एक हास्यास्पद की स्थिति का भास होता है तथा शर्म से गड़ जाने का भास होता है।

अपने आप को संसार की दृष्टि में भारत देश एक शक्तिशाली देशों की सूची में लाना चाहता है परंतु अपने घर (देश) की स्थिति आज भी दयनीय है।

सुबह–2 रेलवे स्टेशन पर महिलाओं को कतार–बद्ध रेलवे लाइन पर देख कर आज भी आंखें शर्म से झुक जाती है। उन महिलाओं की दशा सोच कर ही मन में सिहरन उठ जाती है। प्रकृति के नियम अनुसार सब को यह कार्य करना आवश्यक है अतः सरकार की तरफ से पहल होनी चाहिये कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए झुग्गी झोपड़ी वासियों के लिये सुलभ शौचालयों की व्यवस्था हो और साफ सफाई का धयान रखते हुए उचित प्रबंध हो।

दिल्ली नगर कला आयोग की तरफ से कम खर्च में हाई टेक टॉयलेट की सुविधा दिल्ली में की जा रही है।

खुले में शौचालयों के जाने से सम्पूर्ण वातावरण पर अत्यधिक बुरा प्रभाव होता है, वातावरण में बदबू और भयानक कीटाणु फैल जाते हैं जिसका असर हर प्राणी पर होता है और बीमारी का जन्म होता हैं। इन बीमारियों की रोकथाम के लिए भी अति आवश्यक है कि शौचालय का उपयोग किया जाये। मनचलों की रोकथाम के लिए भी महिलाओं का शौचालयों द्वारा प्रयोग करना कुछ हद तक महिलाओं की सुरक्षा का कारण हो सकता है। पिछले दिनों अखबारों में यह समाचार छपा कि शाम के समय दो बहनों द्वारा खुले में शौचालय जाने के कारण कुछ मनचलों ने सारी हदें पार कर दीं। यदि घर के करीब या घर में शौचालय हो तो ऐसी परिस्थितियों से बचा जा सकता है।

आज आधुनिक भारत में हम इस विषय पर बात कर रहें हैं कि महिलाओं की सुरक्षा के संदर्भ में शौचालयों की उपयोगिता है अथवा नहीं यह अपने आप में ही यह शर्म का विषय है। परंतु जो सत्य है उससे हम आखें नहीं मूंद सकते। आज इस विषय पर कई NGO भी काम कर रही हैं। दिल्ली तथा उसके आस–पास के गांवों में शौचालयों की व्यवस्था की जा रही है।

शौचालय बना देना ही काफी नहीं शौचालयों का उपयोग उनका रख–रखाव भी एक विषय है। सफाई की व्यवस्था बहुत बड़ा प्रश्न है। हर लिहाज से सुरक्षा सफाई पर ही निर्भर करती हैं। महिलाओं की सुरक्षा के संदर्भ मे शौचालयों का जीवन में बहुत योगदान है अतः जीवन में एक पेड़ लगाने के साथ एक शौचालय बनाने का भी प्रण लें और महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यान दें।

जो व्यक्ति भलाई से प्रेरित होकर भलाई करता है
वह न तो प्रशंसा का आकांक्षी होता है
और न नुकसान का
यद्यपि ये दोनों उसे अन्त में अपने आप प्राप्त हो जाते हैं।

– विलियम पेन

महिलाओं की सुरक्षा के संदर्भ में शौचालयों की उपयोगिता

इंदु रावत
वरिष्ठ आशुलिपिक

"महिला सुरक्षा में शौचालयों की उपयोगिता" यह कथन प्रथम दृष्टि में तो अटपटा सा प्रतीत होता है परंतु गहनता से विचार किये जाने पर सटीक बैठता है।

शौचालयों की उपयोगिता तो सभी के लिए है परंतु महिलाओं के सम्मान तथा सुरक्षा के संदर्भ में यह और भी विचारणीय विषय है। हमारे देश में अभी भी 53% लोग खुले में शौच करने के लिए मजबूर हैं। विश्व के सभी विकसित देशों में भारत का पहला स्थान है जहां आज भी आधी आबादी शौचालयों से वंचित है। भारत सरकार द्वारा 'स्वच्छ भारत' तथा 'निर्मल भारत' जैसे अभियान चलाये गये हैं जिनका उद्देश्य सन 2019 तथा 2022 तक देश को खुले में शौच से मुक्त करना है। सरकार द्वारा इन कार्यक्रमों के अधीन अनुदान राशि दी जाती है जिससे शौचालयों का निर्माण करवाया जा सके साथ ही जल प्रबंधन तथा मल निपटान की भी सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।

सन 2001 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने प्रत्येक वर्ष में 19 नवम्बर को 'विश्व शौचालय दिवस' मनाने की घोषणा की परंतु हम शहरी लोगों को शायद ही इस दिवस की कोई जानकारी हो गांव तथा कस्बों में लोगों की स्थिति शौचालयों के संदर्भ में अधिक संतोषजनक नहीं है। जानकारी तथा सुविधाओं के अभाव में ग्रामीण इलाकों के निवासी विशेषतया महिलायें तथा बच्चे खुले में शौच के लिए विवश हैं। खुले में शौच से पेट संबधी बीमारियां तथा संक्रमण का तो खतरा है ही साथ ही भूजल का प्रदूषण हो सकता है विशेषकर मानसून में। सामाजिक अवधारणाओं तथा मर्यादाओं के चलते महिलायें तथा बच्चियां प्रातः अंधेरे में ही दैनिक कार्यों की निवृति हेतु नदी किनारे या खेतों में शौच के लिये विवश है यह जानते हुए भी कि उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। कई ऐसी घटनाएं हुई हैं जिसमें शौच हेतु गई महिलाओं पर हमला कर उन्हें अपमानित किया गया। उनकी अस्मिता प्रत्येक दिन अपनी सुरक्षा से समझौता कर खुले में शौच के लिए विवश है। किसी के आने का डर, किसी के देख लेने का डर अपनी सुरक्षा से समझौता, अपनी सेहत से समझौता इत्यादि कारणों तथा परिणामों को जानते हुए भी महिलायें निसहाय हैं क्योंकि यह एक ऐसी स्थिति है जिसे कोई अनदेखा नहीं कर सकता तथा नित्य कर्म मानव की प्राकृतिक क्रिया है। स्कूलों में शौचालयों का अभाव, बच्चियों को शिक्षा से दूर करता जा रहा है। उपरोक्त सभी स्थितियों का नतीजा कहें या सबक कि महिलाएं स्वयं अपनी सुरक्षा हेतु आगे आ रही हैं। मध्य प्रदेश में ऐसी ही कई महिलाओं ने मिलकर घरों में शौचालय निर्माण का प्रण लिया तथा अन्य पांच महिलाओं को भी ऐसा ही प्रण दिलवाया नतीजन आज राज्य सरकार की सहायता तथा नैतिक दबाव के चलते मध्य प्रदेश के उस गांव में अधिकतर घरों में मर्यादा अभियान के चलते शौचालय की सुविधा है। सुलभ इंटरनेशनल का योगदान भी इस दिशा में मील का पत्थर माना जा सकता है जिन्होंने देश को इस समस्या से अवगत करवाया।

समकालीन भारत सरकार का भी विषय में योगदान है। प्रधानमंत्री जी ने लालकिले की प्राचीर से देशवासियों का आह्वान किया कि महिलाओं तथा बच्चियों की सुरक्षा हमारा परम कर्तव्य होना चाहिये। 'पहले शौचालय फिर देवालय' वाली उनकी सोच महिलाओं के प्रति उनके सम्मान तथा सरोकार को झलकाती है। हर घर, स्कूल में शौचालय होना ही चाहिये, यह आज की मांग है। आज़ादी के 66 वर्षो में भी आधी आबादी खुले में शौच करे यह स्थिति अधिक समय नहीं रहनी चाहिए।

मेरा ऐसा मानना है कि प्रत्येक स्त्री, बच्ची या महिला को अपनी सुरक्षा को लेकर जागरुक होने की आवश्यकता है। समय आ गया है कि महिलाओं को स्वयं तथा अपने परिवार की सेहत के लिए, सुरक्षा के लिए आगे आकर ठोस कदम उठाना होगा। प्रत्येक नागरिक को अपनी नैतिक ज़िम्मेदारी को निभाना होगा। जैसे सिक्किम देश का सबसे पहला खुले में शौच मुक्त प्रदेश बना है वैसे ही हर राज्य प्रदेश को स्वयं को साबित करना होगा। यह प्रण लेना होगा कि देश को खुले में शौच से मुक्त करना है। प्रधानमंत्री जी ने सन 2019 में राष्ट्रपिता गांधीजी की 150वीं जयंती पर देश को खुले में शौच से मुक्त करने का जो लक्ष्य निर्धारित किया है उसमें प्रत्येक नागरिक को अपनी–अपनी भागीदारी साबित करनी होगी तभी 'भारत–स्वच्छ भारत–मेरा भारत' का निर्माण होगा।

देश को एकता सूत्र में बांधने की शक्ति केवल हिन्दी में हैं
– इन्दिरा गांधी

स्वच्छ भारत अभियान

गोपाल सिंह
सहायक

'स्वच्छ भारत अभियान' भारत सरकार द्वारा आरम्भ किया गया राष्ट्रीय स्तर का अभियान है। इसका उद्देश्य गलियों, सड़कों और पार्कों को साफ–सुथरा करना है।

महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता से पहले 'स्वच्छता, आजादी से महत्वपूर्ण है' कहा था। उन्होंने लोगों से साफ–सफाई और स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने को कहा। स्वच्छ भारत अभियान को स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छता अभियान भी कहा जाता है। इस अभियान में शौचालय का निर्माण और भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यक्रम को बढ़ावा देना है। इस अभियान का आरम्भ राजघाट, नई दिल्ली 02 अक्तूबर, 2014 को महात्मा गांधी की 145वीं जयंती पर प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शुरू किया। महात्मा गांधी का सपना था कि भारतवासी साफ–सफाई और स्वच्छता सीखें। वे पर्यावरण की स्वच्छता पर ध्यान दें। अगर भारत के लोग साफ–सफाई पर ध्यान देंगे तो स्वस्थ रहेंगे। इससे भारत की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

विद्यालयों में छोटे बच्चे साफ–सफाई और स्वच्छता के बारे में सीखते हैं। विद्यार्थी गंदगी, कूड़ा और कचरे के नुकसान के बारे में समझेंगे। बड़े होकर विद्यार्थी देश के नागरिक बनेंगे तो भारत को स्वच्छ और साफ रखेंगे ।

स्कूलों और भारत के ग्रामीण क्षेत्र में शौचालयों का निर्माण होना चाहिये।

भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत अभियान के तहत प्रत्येक पारिवारिक सदस्य को व्यक्तिगत रूप से शौचालयों के निर्माण के लिये लगत ₹10,000.00 से बढ़ाकर ₹12,000.00 कर दिया गया है। यह राशि सरकार द्वारा सहायता के रूप में ₹9,000.00 और राज्य सरकार का योगदान ₹3,000.00 है।

जीवन सूत्र

वक्त, दोस्त और रिश्ते ये वे चीजें है जो हमें मिलती तो मुफ्त हैं लेकिन हमें इनकी कीमत का पता तब चलता है, जब ये कहीं खो जाती हैं।

महिलाओं की सुरक्षा के संदर्भ में शौचालायों की उपयोगिता

रविन्द्र कुमार
कनिष्ठ आशुलिपिक

प्राचीन काल से ही संसार में महिलाओं का दोयम दर्जे का नागरिक माना गया हैं। इस पुरातन प्रथा में पुरूष हमेशा से ही निर्भीक होने का आचरण करता रहा है। चाहे वो परिवार हो, समाज हो या फिर अन्य सामजिक संबंध, पुरूष हमेशा से ही उसे कोई खास तवज्जो नहीं देता है। महिलाएं हमेशा से ही उनके अत्याचारों का शिकार रही है।

शौचालय के संबध में भी वही बात लागू होती है वहां भी पुरूष निर्भीक हो कर कहीं भी मूत्रविसर्जन, शौच करने लग जाते हैं किन्तु महिलाएं क्या करें। ज्यादातर दीवारों पर पान के पीकों के बाद दूसरा नंबर मूत्रविसर्जन का ही आता हैं।

अभी इस 15 अगस्त पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक नारा दिया हैं 'पहले शौचालय फिर देवालय' यानि पहले शौचालय का निर्माण जरूरी हैं न कि मंदिर का निर्माण। अर्थात मंदिर तो प्रायः सभी घरों में होता ही है परन्तु शौचालय नहीं; भारत की ज्यादातर जनसंख्या अभी भी खुले में शौच में जाती हैं। उसके लिए वह प्रायः रेल की पटरियों, खेतों में या फिर नदियों के किनारों का उपयोग करते हैं। परन्तु घर की महिलाएं क्या करें, घर में शौचालय न होने पर उन्हें भी बाहर जाना ही पड़ता है। बाहर जाने पर प्रायः उनकी सुरक्षा खतरे में ही रहती है। घर के बाहर उन्हें प्रायः किसी बड़े के साथ ही जाना पड़ता है परन्तु घर की बच्चियॉ क्या करें। कभी रात के खाने के बाद, या फिर भोर होने से पहले का इन्तजार करना ही पड़ता है। अभी हाल ही में महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों में वृद्दि हुई है उसमें ज्यादातर अपराध शौच जाते समय ही हुए हैं। यह अपराध भी पुरूषवादी मानसिकता की ही उपज हैं। महिलाओं को अपनी सुरक्षा से समझौता करना ही होता है। महिलाओं को इसी सुरक्षा बंधन को ध्यान में रखते हुए माननीय प्रधानमंत्री ने यह नारा दिया है। मनुष्य का जो प्रारम्भिक कार्य होता है उससे निवृत होने में किसी को कोई समस्या न आए। भारत की ज्यादातर संख्या अभी भी खुले में शौच करती है। इससे मैला प्रथा का भी बढ़ावा मिलता है। अगर घरों में शौचालयों का निर्माण हो जाए तो महिलाओं को रात या फिर दिन के समय किसी के साथ की मोहताज होने की आवश्यकता नहीं है तथा उनकी सुरक्षा भी खतरे में नहीं रहेगी। सबसे बड़ी बात है इसके लिए एक जागरूक समाज की। अगर समाज जागरूक होगा तो ही वह इसकी उपयोगिता को समझेगा। इसके लिए प्रथम पहल महिलाओं को ही करनी पड़ेगी उन्हें ही अपनी सुरक्षा के साथ कोई भी समझौता नहीं करना होगा वरन जागरूक भी होना है। समाज जैसे–जैसे जागरूक हो रहा है वो दिन दूर नहीं जब हर घर में भी शौचालयों का निर्माण होने लगेगा। टी वी पर एक ऐड आता है उसमें भी यही दिखाया जाता है कि लड़की ने इसलिए अपनी शादी तोड़ दी कि उसके ससुराल में शौचालय नहीं था। महिलाओं को ही शौचालय की उपयोगिता के महत्व को समझना होगा तभी एक स्वस्थ भारत का निर्माण होगा। कहा जाता हैं कि महिलाएं अब पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं, उन्हें इस क्षेत्र में भी आगे आना होगा तथा इसके लिए लड़ना होगा।

घरों में शौचालय होने पर उन्हें किसी की दया की जरूरत नहीं है। इससे उनके साथ होने वाले अपराधों में कमी आयेगी क्योंकि महिलाओं के साथ होने वाले रेप केसों में ज्यादातर उनके शौच जाते समय ही हुए हैं। महिलाएं शौच के लिए भोर के समय का ही प्रयोग करती हैं तथा अधिकतर खेतों में ही जाती हैं वहीं सबसे ज्यादा खतरा होता है। उनके अपहरण भी ज्यादातर शौच जाते समय ही होते हैं। जिस दिन महिलाएं अपने अधिकारों को जान लेंगी उस दिन से वह भी निर्भय हो कर समाज में रह सकेंगी।

शौचालयों का महत्व सिर्फ दैनिक कार्यों का निपटाना ही नहीं हैं परन्तु एक सम्पूर्ण घर की निशानी हैं घर में मुख्यतः कमरा, किचन और शौचालय हो, वही एक सम्पूर्ण घर माना जाता हैं। शौचालय न होने पर वह अपूर्ण ही रहता है। सार रूप में हम यह कह सकते हैं कि जिस प्रकार मंदिर का हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान है ठीक उसी प्रकार शौचालय होने पर महिलाएं अपनी सुरक्षा का अनुभव करती हैं। उन्हें फिर शौच के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। इससे उनके साथ होने वाले अपराधों में भी कमी आयेगी और यहीं से एक स्वस्थ भारत के निर्माण होगा।

राष्ट्रभाषा हिन्दी का भविष्य उज्जवल है
– डॉ. राजबली पाण्डेय

आधुनिक जीवन शैली और मानसिक समस्याएं

राघवेन्द्र सिंह
प्रशासनिक अधिकारी
दिल्ली नगर कला आयोग

'परिवेश' किसी भी व्यक्ति के जीवन में बहुत महत्व रखता है। जीवन परिवेश जीवन शैली के अनुसार ही 'व्यक्ति' का 'व्यक्तित्व' होता है। हम कभी–कभी किसी व्यक्ति से इतने ज्यादा प्रभावित हो जाते हैं कि हम उसकी स्टाइल/लाइफ स्टाइल की 'कापी'/नकल करने लगते हैं।

जीवन शैली एक जिंदगी को जीने की कला है। जैसे कला अच्छी या बुरी हो सकती है वैसे ही जीवन शैली भी 'अच्छी' या 'बुरी' होती है/या हो सकती है। अच्छी आदत का परिणाम अच्छा होता है और बुरी आदत के परिणाम बुरे होते हैं। जीवन शैली में आपकी जिंदगी के समग्र कार्य शामिल हो जाते हैं जैसे कि आपकी दिनचर्या, आपका खान–पान की आदत, पठन–पाठन, बोल–चाल का आपकी सोच। इसीलिये किसी भी व्यक्ति का जीवन व व्यक्तित्व उसकी जीवन शैली से प्रभावित होता है और समाज के अन्य वर्गों को प्रभावित भी करता है।

आप सोचकर अनुभव करें कि आज के जीवन में एक व्यक्ति की जीवन शैली एक गाँव में कैसी होगी, छोटे शहर में कैसी होगी व दिल्ली व मुम्बई जैसे महानगरों में कैसी होगी। अगर वृहद तौर पर देखा जाये तो हमारे परिवेश से जीवन शैली प्रभावित होती है तथा जीवन–शैली हमें हमारे परिवेश को प्रभावित करती है।

मसलन छोटे गॉव से छोटे शहरों से लोग परिवार को छोड़कर जीवन अर्जन के लिये 'धन कमाने' बड़े शहरों में आते हैं बगैर परिवार के रहते हैं, कम खर्च करने के कारण 'स्लम' एरिया में रहते हैं। यहां एक जीवन शैली बन जाती है। स्लम एरिया में रहने व परिवार से दूर रहने से तमाम अपराध जन्म लेते हैं। अकेले व परिवार से दूर रहने के कारण उनके अदंर उनके व्यवहार में एक अजीब सा रूखापन/चिड़चिड़ा–पन आ जाता है, उनका व्यवहार महिलाओं के साथ सहज नहीं होता है। कम समय में ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर में और ज्यादा सुविधा खरीदने के चक्कर में तमाम मानवीय संवेदनायें समाप्त प्रायः हो गयी हैं क्योंकि हमारे पास समय नहीं है। हमारी जीवन शैली ही ऐसी हो गयी है। हम कभी–कभी इतने व्यग्र हो जाते हैं एक छोटी सी बात पर कि हिंसा करके किसी को शारीरिक नुकसान तो पहुंचा सकते हैं आप देख सकते हैं अखबारों में पढ़ते हैं कि छोटी सी बात पर सड़क पर एक मोटरसाइकल सवार ने दूसरे को चाकू मार कर घायल कर देता है। एक स्कूल का बच्चा अपने ही साथी को 'किडनैप' कर लेता है। एक व्यक्ति किसी लड़की के ऊपर तेजाब फैंक देता है क्योंकि लड़की उससे प्यार करने से मना कर देती है या वह खुद अपने आप को नुकसान पहुँचाता है, आत्महत्या करने की कोशिश करता है।

हमारी जीवन शैली की वजह से हमारे अंदर तमाम मानसिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। बढ़ती जनसंख्या, नाभिकीय परिवार, शिक्षा की कमी, महँगाई, गरीबी, परस्पर कम्पीटीशन की दुर्भावना, ईर्ष्या आदि इसका कारण है। यह एक तरह से मानसिक वेदना है जो तमाम तरह की मानसिक समस्याएं पैदा करती है। कम समय में ज्यादा पैसा कमाना या पैसों का दुरूपयोग करना, अपने आप में 'अहम' लाना और इसी अहम की वजह से आपस में एक दूसरे को नीचा दिखाना।

इन मानसिक समस्याओं को निपटाने या दूर करने के लिये हमें अपनी जीवन शैली में सुरूचि के साथ परिवर्तन करने होगें ताकि हम एक अच्छे नागरिक बनें, स्वस्थ रहें तथा मानसिक विकारों से दूर रहें।

यदि आप सही हैं तो आपको क्रोधित होने की जरूरत नहीं,
और यदि आप गलत हैं तो आपको क्रोधित होने का हक नहीं।

आधुनिक जीवन शैली और मानसिक समस्याएं

राजवीर सिंह
हिन्दी टाइपिस्ट

भारतवर्ष देश एक महान देश होने के कारण अनेक भाषा भाषियों का मिश्रण है। यहाँ पर अपनी–अपनी कला तथा संस्कृति होते हुए भी सभी एक दूसरे के प्रति एकता, प्रेम, सद्भाव और सौहार्द बनाए हुए हैं।

देश में अधिकतम आबादी कृषि क्षेत्र है जो पूर्ण रूप से कृषि क्षेत्र पर निर्भर होती है तथा फसल अच्छी होने के लिए प्रकृति पर भी निर्भर रहती है। वर्षा होने तथा प्रकृति प्रकोप से भी बचना होता है।

जीवन सुखमय जीने के लिए लोग शहरी क्षेत्रों के तरफ आकर्षित होते हैं। शहरों में आने पर रोज़गार की तलाश व अच्छी पढ़ाई के लिए प्रत्यनशील होने से शहरों में पूर्ण रूप से रोजगार व उच्च शिक्षा प्राप्त न होने पर जीवन दुख मय होने लगता है।

परिवार का पालन–पोषण अच्छी तरह से न होने तथा रोजगार ठीक से न मिलने के कारण घरेलू समस्याएं उत्पन्न होने लगती हैं। आमदनी कम खर्चा अधिक होने के कारण इस तरह की समस्या उत्पन्न होने कारण आज के नौजवान, स्त्री/पुरूष कड़ी मेहनत कर 12–14 घन्टे कम्प्यूटर या अन्य कॉल सैंटरों में अधिक समय तक कार्य करते हैं।

स्वच्छ एवं स्वस्थ रहने के लिए कम से कम 7–8 घंटे नीद अवश्य लेनी चाहिए। कार्य के समय अधिक आराम करने का समय कम होने कारण आज की युवा पीढ़ी नशे का सहारा बहुत अधिक लेने लगी है जिसके कारण तनावयुक्त है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छी मानसिकता होना तथा बहुत साफ सुथरा माहौल होना चाहिए ।

जब दिमाग तनावपूर्ण होता है तो अनेक समस्याएं पैदा होने लगती हैं। यहां तक कि व्यक्ति डिप्रेशन तक की बीमारी या अन्य घातक बीमारी से ग्रस्त होने लगता है।

इस प्रकार की समस्या/तनावग्रस्त होने के कारण माहौल दूषित होता है। परिवार में छोटे–बच्चे, बूढ़े माता–पिता तथा अन्य सदस्यों के साथ अच्छा आचरण/बर्ताव नहीं करते है जिसका दुष्प्रभाव समाज के प्रति जहर की तरह फैलता है जिसके कारण समाज में अनेक प्रकार के दोष–एवं अवगुण उत्पन्न होते हैं।

यहॉ तक कि नागरिक अपना विवेक छोड़ बैठते हैं। रास्ते व सड़कों पर छोटी–छोटी बातों पर लड़ते हैं और जान लेवा, हथियारों का प्रयोग भी करके दूसरे परिवारों को उजाड़ देते हैं।

अच्छे मनुष्य होने के नाते एक दूसरों का हित व परोपकारी बनने के लिए अच्छी संगत का होना अति आवश्यक है। स्वास्थ्य व मानसिक संतुलन को बनाए रखने के लिए योग का सहारा लेना चाहिए और ब्रह्ममुहूर्त में उठकर ईश्वरीय स्मरण तथा माता–पिता के चरणों का स्पर्श करना अत्यंत आवश्यक है जिससे मन को ऊर्जा प्राप्त होती है तथा बड़ों का आशीर्वाद लेने से जीवन सहज जीने का सुगम रास्ता निकलता है।

जीवन सूत्रः

हम लोग अपने आने वाले कल को बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास करते हैं, लेकिन बेहतर कल आने पर आने वाले की चिंता में जीवन के आनंद से वंचित रह जाते हैं।

सम-विषम

कल्पना देवानी
हिंदी अनुवादक

दिल्ली में आई सम-विषम की स्थिति
ताकि प्रदूषण आए नियत्रंण में
पहल इस ओर थी सरकार की
सम तिथि पर सम गाड़ी संख्या
विषम दिन पर विषम गाड़ी न.
मिली जुली रही प्रतिक्रिया
जनमानस की इस ओर
जिनके पास सम संख्यक गाड़ी थी
किया एक दिन जन परिवहन का प्रयोग
कुछ के पास गर थी दोनों संख्याओं की गाड़ियां
उनकी निकली दोनों गाड़ियां

मोहल्ला भाईचारा हुआ शुरु
पूल परिवहन हुआ आरम्भ
प्रदूषण स्तर भी हुआ कम
कतिपय जनता हुई परेशान
मियां बीबी का छूटा साथ
इस पर भी हुआ चालान
कुछेक रास्ते हुए आसान
रास्ता जो एक घंटे में तय होता था
अब 35 मिनट में हुआ तय
रोड रेज का सुलझा मामला
कम हुई दिमाग की गर्मी और झमेला
ग्लोबल वार्मिगं को नियंत्रित करने का विचार
आया, चलो देर आए दुरुस्त आए.
आड, ईवन की ऐसी चली बयार
नेता आपस में लड़ि मरे, भली करे करतार
जीवन भी सम-विषम के ताने बाने में
चला करे बुना हुआ सा।

हिंदी वह धागा है जो विभिन्न मातृभाषाओं रूपी
फूलों को पिरोकर भारत माता के लिए सुंदर हार का सृजन करेगी।

डिमोनिटाइज़ेशन का भूत

अमित मुखर्जी
कंसल्टेंट (प्रशासन)

आठ नवंबर सोलह को लोगों की दुनिया बदली,
जब सरकार ने डिमोनिटाइज़ेशन की घोषणा कर दी।
काले धन वालों का हुआ मुँह काला,
विरोधी दल चिल्लाये इस में है बड़ा घोटाला।

लोगों ने कठिनाई झेली साथ निभाए,
एटीएम कतारों मे घंटों खड़े रहे नहीं कतराए।
नोट लुप्त तो क्रेडिट प्रबल हुआ,
लोगों ने भिखारिओं को भी क्रेडिट पे पैसा ट्रांसफर किया।

कामवाली बाई को चेक से पेमेंट देने लगे,
सब्ज़ी वाले उधार पे सब्ज़ी बेचने लगे।
क्रेडिट की ऐसी आदत पड़ी,
कि सोनू को पॉकेट मनी भी क्रेडिट पे मिली ।

लड़के के घर वालों ने जब दहेज की मांग की,
लड़की वाले बोले लड़की क्रेडिट पे आप के नाम की।
प्यार मोहब्बत से संभाल के रखना,
वरना पचास दिन बाद लड़का समेत लौटा देना।

पत्नी शौहर से बोली मेरा प्यार क्रेडिट पे मत समझना,
और पचास दिन बाद तीन तलाक बोल पीछा मत छुड़ाना।

हमारे इन रेजगारियों को नोट ही संभालेंगे,
बिना नोट के यह सिक्के भटक जायेंगे।
शौहर बोला जब दिया है हाथों में हाथ ,
तो यह वादा रहा कि रहेगा जीवन भर का साथ।

इन रेजगारिओं को खोटों से बचाना है,
इन सिक्कों को पांच सौ में कल बदलना है।
रिश्वतखोरों की समस्या बढ़ी कि रिश्वत क्रेडिट पे कैसे लें,
अब तो कहावत हुई पुरानी कि एक हाथ दें और एक हाथ लें।

डिमोनिटाइज़ेशन ने भ्रष्टाचार की नींव को हिलाया,
जब जनता ने इसे गले से लगाया।
जब देश ने करवट बदली तो एक नई दास्ताँ हुई बयां,
